दिल्ली के स्वामी दयानन्द अस्पताल में आंखों के चिकित्सकों की कमी

3057. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के स्वामी दयानन्द अस्पताल (जनरल अस्पताल) में आंखों के चिकित्सकों की कमी की वजह से स्थानीय लोगों को बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार आंखों के रोगियों को सुविधा प्रदान करने हेतु इस अस्पताल में आंखों के और अधिक चिकित्सकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और इसमें कितने चिकित्सक नियुक्त किए जाने का विचार है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

वस्त्र मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री रामनिवास मिर्धा) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) ये प्रश्न नहीं उठते ।

गुरू तेग बहादुर अस्पताल दिल्ली का कार्यकरण

3058. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल के चिकित्सक विकलांगता प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार कर देते हैं और इस प्रकार विकलांग व्यक्तियों को बड़ी कठिनाइयों तथा वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर हां, हो तो उसके क्या कारण हैं और क्या सरकार विकलांग व्यक्तियों के हितों का रक्षा करने तथा निकट भविष्य में उन्हें वित्तीय समस्याओं से बचाने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

वस्त्र मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) और (ख) यह अस्पताल विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए मान्यता प्राप्त नहीं है । विकलांगता प्रमाण-पत्रों को जारी करने के संबंध में मान्यता प्राप्त करने के लिए इस मामले पर पहले ही कार्रवाई की जा रही है ।

Memorandum submitted by the Atomic Energy Workers Union, Bombay

3059. SHRI SAMAR MUKHERJEE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether the Atomic Energy Commission, Bombay have received a memorandum dated 15th October, 1988 from the Atomic Energy Workers & Staff Union, Bombay regarding settlement of their grievances ;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps taken by Government to settle those demands?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF OCEAN DEVELOPMENT, ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS AND SPACE (SHRI K. R. NARAYANAN): (a) Yes Sir.

(b) The Atomic Energy Worker's & Staff Union of BARC in